सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 260 | इंदौर, मंगलवार 07 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## चुनाव से ठीक पहले SC का सख्त रुख

# बंगाल में 27 लाख 'संदिग्ध' नहीं डाल पाएंगे वोट!



**कोलकाता, (एजेंसी) पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के 'विशेष गहन संशोधन' के दौरान संदिग्ध श्रेणी में रखे गए 60 लाख लोगों में से लगभग 27 लाख लोग शायद इस बार मतदान नहीं कर पाएंगे। दावों की जांच कर रहे न्यायिक अधिकारियों ने इनके आवेदनों को खारिज कर दिया है। 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए मतदाता सूची सोमवार आधी रात को अंतिम रूप से तय की जानी थी।**

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार और टीएमसी (TMC) समर्थकों की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें उन लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने की मांग की गई थी, जिनकी अपील 19 विशेष अपीलीय न्यायाधिकरणों में लंबित है। इन न्यायाधिकरणों का नेतृत्व हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने स्पष्ट किया कि 'दावों की जांच उन न्यायिक अधिकारियों द्वारा की गई है जो निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का कार्य कर रहे हैं। हमने 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद उन लोगों के नाम पूरक सूची में शामिल करने की अनुमति दी थी, जिन्हें न्यायिक अधिकारियों ने मंजूरी दी थी। लेकिन इस प्रक्रिया को उन अपीलों के अंतिम फैसले तक नहीं खींचा जा सकता, जो न्यायाधिकरणों में लंबित हैं।'पीठ ने आगे कहा कि अगर न्यायाधिकरणों को 15 अप्रैल तक लाखों अपीलों पर फैसला करने के लिए कहा जाता है, तो यह न केवल उन पर भारी बोझ डालेगा, बल्कि पूरी प्रक्रिया में अराजकता भी पैदा करेगा।

## मणिपुर में कुकी उग्रवादियों का हमला

# दो मासूम बच्चों की मौत, महिला घायल

**नई दिल्ली**. हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर में उग्रवादी संगठन भी सक्रिय हो गए हैं. हिंसाग्रस्त सूबे में उग्रवादी हमले की नई घटना सामने आई है. इस घटना में दो छोटे बच्चों की मौत हो गई है और इन बच्चों की मां घायल हो गई है. घायल महिला को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उपचार चल रहा है. घटना बिष्णुपुर जिले की है. जानकारी के मुताबिक बिष्णुपुर जिले में कुकी उग्रवादियों ने 6 और 7 अप्रैल की रात करीब एक बजे एक घर पर बम से हमला कर दिया.

# एनएसजी का क्षमता प्रदर्शन, एंटी-टेरर ड्रिल व के-9 डॉग्स ने जीता दिल

## सीएम ने बढ़ाया हौसला दर्शक रोमांचित





**भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित समग्र क्षमता निर्माण प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का काफी खास रहा। यह आयोजन राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) द्वारा किया गया। एनएसजी कमांडोज ने अभ्यास के बीच न केवल आतंकवादियों को मार गिराया, बल्कि बंधकों को भी सुरक्षित छुड़ाया। कमांडोज ने 'स्पाइडर मैन' तकनीक का उपयोग करते हुए इमारत को घेरा और विस्फोट कर कार्रवाई की।**

एंटी-टेरर ऑपरेशन के अभ्यास प्रदर्शन के दौरान इतना ही नहीं, उनके K-9 असॉल्ट डॉग ने आतंकी को जमीन पर गिराया और उसकी राइफल छीनकर ले गया। इसके अलावा कमांडोज ने कई हैरतअंगेज करतब भी दिखाए। इस दौरान 'रिंग ऑफ फायर', टाइल ब्रेकिंग और ब्लॉक ब्रेकिंग जैसे प्रदर्शन देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे।

जवानों ने मिक्स्ड मार्शल आर्ट का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। K-9 जोरो ने अपनी कुशलता से सभी को हैरान कर दिया। आतंकियों के लिए खतरनाक इस श्वान ने जवानों के साथ कदम से कदम मिलाकर आतंकवादियों को ढूंढने में मदद की। वहीं, K-9 रोजर ने बम स्क्वाड टीम के साथ विस्फोटक का पता लगाया। उसने संदिग्ध वस्तु के पास बैठकर टीम को सतर्क किया, जिसके बाद एक्स-रे मशीन की मदद से बम को निष्क्रिय किया गया।

### काउंटर टेररिज्म ग्रुप के लिए डीपीआर तैयार- मुख्यमंत्री

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कमांडोज की तुलना बजरंगबली से की। उन्होंने कहा कि काउंटर टेररिज्म ग्रुप (सीटीजी) बनाने के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार है, जिस पर राज्य सरकार काम करने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एनएसजी कमांडोज ने अपनी क्षमता, योग्यता, बुद्धिमत्ता, निडरता और निर्भयता का अद्भुत प्रदर्शन किया है। हमें इन पर गर्व है। भारत के ये कमांडोज देश का मान-सम्मान बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1984 में गठित एनएसजी ने उस दौर में भी अपनी कुशलता साबित की, जब 1990 के दशक में देश के प्रधानमंत्री तक सुरक्षित नहीं थे। स्वर्गीय राजीव गांधी इसका उदाहरण हैं, जो एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हमले का शिकार हो गए थे। ऐसी परिस्थितियों में हमारे सशस्त्र बलों ने अपने पराक्रम से देश को सुरक्षा प्रदान की।

### 'भारत का सुरक्षा कवच है एनएसजी'

मुख्यमंत्री ने कहा कि एनएसजी भारत का सुरक्षा कवच है। जब भी देश किसी संकट का सामना करता है, एनएसजी कमांडोज न केवल सुरक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि लोगों में निर्भयता का भाव भी जगाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारी सेना दुश्मनों के घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया कर रही है। उन्होंने कहा कि हम किसी को छेड़ते नहीं, लेकिन अगर कोई देश को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हमेशा 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना को अपनाया है, लेकिन वेदों में भी कहा गया है कि जो जिस भाषा को समझता है, उसे उसी भाषा में उत्तर देना चाहिए। अपराध, आतंकवाद और नक्सलवाद का इस धरती पर कोई स्थान नहीं है। इसलिए जवानों के प्रशिक्षण में भी मध्यप्रदेश सरकार पूरी तरह सहयोग कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 35 वर्षों से प्रदेश को प्रभावित करने वाला नक्सलवाद अब समाप्त हो चुका है। एमपी नक्सलवाद मुक्त राज्य बन गया है। इसका श्रेय हमारे सुरक्षा बलों को जाता है।

## नगर निगम का बजट आज

# सफाई, सड़क और पुराने प्रोजेक्टों पर फोकस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम परिषद का बजट मंगलवार को पेश होने जा रहा है। इस बार बजट में शहरवासियों पर नए करों का बोझ नहीं डाला जाएगा, लेकिन कोई बड़ी घोषणाएं भी नहीं होंगी। भाजपा की निगम परिषद का फोकस पुराने प्रोजेक्टों, सफाई व्यवस्था और मास्टर प्लान की 29 सड़कों पर रहेगा। इस बार बजट का आंकड़ा भी पिछले बजट के आसपास ही रहने की संभावना है। निगम की मौजूदा वित्तीय स्थिति को देखते हुए बड़े नए प्रोजेक्ट्स की उम्मीद कम ही है।**

भागीरथपुरा दूषित पेयजल कांड के संदर्भ में वार्डों में पानी की जांच के लिए लैब शुरू करने की योजना निगम ने बनाई है, जिसकी घोषणा बजट में हो सकती है। इसके अलावा नर्मदा के चतुर्थ चरण और मास्टर प्लान की 29 सड़कों के निर्माण के लिए बजट में बड़ी राशि रखी जाएगी।



साथ ही 29 गांवों में नर्मदा जल आपूर्ति और सीवरेज लाइन बिछाने के लिए भी पर्याप्त बजट का प्रावधान किया जाएगा। नर्मदा चतुर्थ चरण के कार्य का भूमिपूजन हो चुका है। निगम का लक्ष्य है कि अगले नगरीय निकाय चुनाव से पहले इस प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाए। इस बार के बजट में चौथे चरण के तहत शहर में वितरण नेटवर्क बिछाने की योजना पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नगर निगम के अधिकांश प्रोजेक्ट केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाली राशि पर निर्भर हैं। मंगलवार को बजट पेश करने के बाद महापौर इसकी विस्तृत जानकारी देंगे। इसके बाद बुधवार को बजट पर चर्चा के लिए समय निर्धारित किया जा सकता है। विपक्षी पार्षद दल ने भी बजट को लेकर निगम परिषद को घेरने की तैयारी की है। उनका कहना है कि पिछले बजट में भाजपा परिषद द्वारा की गई कई घोषणाएं धरातल पर नहीं उतर पाईं। इस बार बजट में पुराने प्रोजेक्टों को तय समय सीमा में पूरा करने पर जोर रहेगा। अगले वर्ष का बजट नगर निगम चुनाव से पहले का होगा, जिसमें बड़ी घोषणाएं किए जाने की संभावना है।

# राजस्व अभियान की अवधि 10 दिनों के लिए बढ़ी

## समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी



इंदौर में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा (टीएल) बैठक आयोजित हुई, जिसमें सीएम हेल्पलाइन, राजस्व प्रकरणों और शहरी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में फायर सेफ्टी, ट्रैफिक प्रबंधन, बेसमेंट पार्किंग और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए सख्त निर्देश जारी किए गए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्रीमती निशा डामोर, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**फायर सेफ्टी पर प्रशासन सख्त-** कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शहर की जी+3 कमर्शियल बिल्डिंग्स, जहां अधिक भीड़ रहती है, वहां अनिवार्य रूप से फायर सेफ्टी सिस्टम, उपकरण और मॉक ड्रिल की व्यवस्था होनी चाहिए। इस संबंध में आम सूचना जारी होने के बाद 15 दिन की अवधि लगभग समाप्त हो रही है। इसके बाद जांच में कमी मिलने पर बिल्डिंग सील की जाएगी। बिल्डिंग बायलॉज के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण, नोटिस और फायर ड्रिल कराई जा रही है, ताकि आपदा की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकाला जा सके।

**किताबों-स्टेशनरी, यूनिफॉर्म में मनमानी के संबंध में हेल्पलाइन पर की जा सकती है शिकायत-** स्कूलों में किताबों और स्टेशनरी के नाम पर अधिक कीमत वसूली या जबरन खरीद की शिकायतों को लेकर प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस हेल्पलाइन नम्बर 0731-2471117 पर अभिभावक सीधे शिकायत दर्ज करा सकेंगे। यह हेल्पलाईन कार्यालयीन समय में कार्यरत रहेगी। शिकायत मिलने पर शिक्षा विभाग की टीम तुरंत जांच कर कार्रवाई करेगी। उक्त हेल्पलाइन पर अन्य शिकायतें भी कार्यालयीन समय में दर्ज कराई जा सकती है।

**आमजन की समस्याओं की सीधी सुनवाई, लापरवाही पर अधिकारियों पर जुर्माना-** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बैठक में एक अभिनव पहल करते हुए आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं समाधानपरक निराकरण के लिए आवेदकों को सीधे बुलाकर समक्ष में सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के तहत लंबित पांच प्रकरणों के आवेदकों को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में उक्त प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर नगर निगम के अधिकारी वसीम खान पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। इसी प्रकार सब इंजीनियर सिद्धार्थ बरावलिया पर 5 हजार रुपए तथा देपालपुर-बेटमा की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रंजना गोयल पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में नगर निगम के अधिकारी श्री मोहित पवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह हातोद क्षेत्र के एक सीमांकन मामले में गंभीर लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। अपर कलेक्टर श्री नवजीवन पवार को जांच सौंपी गई है। रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई होगी।

**समर्थन मूल्य पर 10 अप्रैल से गेहूं का उपार्जन होगा शुरू-** जिले में 10 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन शुरू होगा। जिले में कुल 90 केंद्र बनाए गए हैं। किसानों के लिए पानी, शेड, टॉयलेट, बैठने व कैंटीन जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए। सभी खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी नियमित निरीक्षण कर रहे हैं।

**सुरक्षा और सुविधाओं पर जोर-** नए शैक्षणिक सत्र को लेकर प्रशासन सक्रिय है। बड़े स्कूलों, छात्रावासों और अस्पतालों में पीएनजी कनेक्शन सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्कूल बसों की फिटनेस और ड्राइवर की योग्यता जांच के लिए आरटीओ को नियमित चेकिंग के निर्देश दिये।

**राजस्व अभियान की अवधि बढ़ी-** बैठक में बताया गया कि इंदौर जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। राजस्व विभाग का पोर्टल बंद रहने के कारण अभियान की अवधि आगामी 10 दिन बढ़ाई गई है। इस अभियान की पूर्व में 31 मार्च अंतिम तिथि थी। बैठक में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत लंबित राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण सुनिश्चित किया गया है फलस्वरूप लंबित प्रकरणों में कमी आई है। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी । अब तहसीलों की मासिक रैंकिंग भी की जाएगी, ताकि राजस्व प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में निराकरण में प्रतिस्पर्धा बढ़े।

**आयुष्मान योजना में मानकों का पालन जरूरी-** बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मानकों का पालन नहीं करने पर 30 अस्पतालों को पैनल से बाहर किया गया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सभी अस्पतालों को निर्धारित मापदंडों का पालन करना अनिवार्य है, ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में निर्देश दिए हैं कि अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। चाहे फायर सेफ्टी हो, राजस्व कार्य या शिक्षा व्यवस्था—हर क्षेत्र में जवाबदेही तय करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कटाक्ष




# वैश्विक युद्ध के कारण सूने हुए बाजार, धंधा हुआ आधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण भारत में भी व्यापारिक परेशानियां बढ़ती ही जा रही हैं। इंदौर में कमर्शियल सिलेंडर मिलने में लगातार परेशानी आ रही है और इसके दाम में भी तेजी से इजाफा होता जा रहा है। वहीं दूध, किराना सामान आदि के दाम भी बढ़ रहे हैं। इन सब परेशानियों के बीच इंदौर के व्यापारी अपने धंधों को जारी रखने के लिए कई स्तर पर संघर्ष कर रहे हैं।

खानपान के बाजार 56 दुकान पर भी इन दिनों व्यापार बहुत कम हो गया है। यहां के व्यापारी प्रहलाद शर्मा ने बताया कि 56 दुकान के लगभग सभी व्यापारी इन दिनों बहुत परेशान हैं। यह पूरा बाजार खानपान का है और यहां पर दिनभर गैस सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। हमें कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। इस वजह से हम धंधा नहीं कर पा रहे हैं। बहुत मुश्किल से यदि सिलेंडर की व्यवस्था होती भी है तो वह हमें 6 से 7 हजार रुपए तक मिल रहा है। यही सिलेंडर हमें पहले 1500 रुपए में मिलता था। इसके साथ दूध, किराना और अन्य सामान भी महंगा होता जा रहा है। हमें खानपान की चीजें बनाने का सारा सामान महंगा मिल रहा है लेकिन हम ग्राहकों को अपने प्रोडक्ट महंगे करके नहीं दे सकते। यदि हम मिठाई, पोहा, समोसा महंगा कर देंगे तो ग्राहक आना ही बंद कर देंगे। यदि एक बार ग्राहक दुकान से दूर हो गया तो फिर वह वापस सामान खरीदने नहीं आता।



56 दुकान इंदौर का मुख्य पर्यटन केंद्र है। जो भी पर्यटक इंदौर आता है वह खानपान के लिए 56 दुकान जरूर जाता है। इन दिनों पर्यटकों का आना बिल्कुल ही बंद हो गया है। हमारा धंधा 50 प्रतिशत से भी कम बचा है। वीकेंड पर यहां पर इतनी भीड़ होती थी कि जगह नहीं मिलती थी लेकिन अब पूरा मार्केट सूना पड़ा है। शर्मा ने कहा कि यदि इसी तरह चलता रहा तो व्यापारियों का दुकान चलाना मुश्किल हो जाएगा। दुकान पर 300 से अधिक कर्मचारी हैं। दुकान का व्यापार आधा भी नहीं बचा है। इस हालात में भी हम कर्मचारियों को पूरा वेतन दे रहे हैं और उनका ध्यान रख रहे हैं। हमारी दुकान में वर्षों पुराने कर्मचारी हैं। मुश्किल की इस घड़ी में यदि हम उनका साथ नहीं देंगे तो भविष्य में हमें भी अच्छे कर्मचारी मिलने में परेशानी आएगी। वह हमारे लिए परिवार की तरह हैं।

● संविद नगर में सब्जी विक्रेताओं का प्रदर्शन

# निगम की कार्रवाई के विरोध में सड़कों पर उतरे व्यापारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। संविद नगर में ठेला लगाकर सब्जी बेचने वालों ने संविद नगर संघर्ष समिति के बैनर तले सोमवार को नगर निगम की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर वे रोड पर बैठ गए और नारेबाजी की। सब्जी विक्रेताओं ने नगर निगम द्वारा जब्त किए गए ठेले छोड़ने और तिलक नगर खदान में सब्जी मंडी लगाने की मांग की है। इधर, पार्षद राजेश उदावत का कहना है कि सब्जी विक्रेताओं को बंगाली ब्रिज के नीचे हॉकर्स जोन में जगह दी है, लेकिन वे वहां व्यापार करने नहीं जा रहे हैं।**



दरअसल, पिछले दिनों क्षेत्रीय रहवासियों ने जनसुनवाई में सब्जी बेचने वालों को लेकर शिकायत की थी। शिकायत के बाद निगम के अधिकारियों द्वारा यहां की स्थिति भी देखी गई थी, जिसके बाद यहां से ठेले पर सब्जी बेचने वालों को तय स्थान पर व्यापार करने के लिए कहा गया था। इसके लिए लगातार मुनादी भी करवाई गई थी, मगर सब्जी विक्रेताओं ने इस बात को अनसुना कर दिया। जिसके बाद निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए ठेलों को जब्त कर लिया था। निगम की कार्रवाई के विरोध में आज सब्जी विक्रेताओं ने प्रदर्शन किया।

व्यापारी अंकित दुबे ने बताया कि संविद नगर में सब्जी मंडी लगाते हुए 50 साल से ऊपर हो गया है। इतनें सालों से बिना किसी परेशानी के व्यापार चल रहा है। अचानक एक दिन नगर निगम की टीम आई सब्जी मंडी को घेरा और ठेले जब्त कर लिए और कहां कि यहां सब्जी मंडी नहीं लगेगी। सब्जी विक्रेताओं ने तिलक नगर खदान में जगह देने और ठेले छोड़ने की मांग की है, मांग पूरी नहीं होने पर चक्काजाम करने तक की चेतावनी दी है। वहीं नीलम खरे ने बताया कि नगर निगम ने घर से 12 ठेले जब्त करके ले गए। व्यापारियों को घर चलाना है, बच्चों का पेट पालना है, ब्याज भरना है। निगम की कार्रवाई से हमारी सब्जियों का भी नुकसान हो गया। हमारा रोजगार खत्म कर दिया है। मामले में रिमूवल अधिकारी अंकेश बिरथरिया ने बताया कि जनसुनवाई में रहवासियों ने शिकायत की थी कि संविद नगर से सब्जीमंडी हटाई जाए। छोटी गली में सब्जी मंडी लगती है, जिसकी वजह से ट्रैफिक बाधित होता है। 1 महीने से मुनादी की जा रही थी। बंगाली ब्रिज के नीचे के हिस्से में शिफ्ट होने के लिए भी कहा था। यहां कई लोग घरों से सब्जी बेचते है और बाहर ठेले लगवाते है। इनके लाइसेंस भी चेक किए जाएंगे। वहीं ठेलों को नियमानुसार छोड़ा जाएगा।

पार्षद व एमआईसी मेंबर राजेश उदावत का कहना है कि हर व्यक्ति को व्यापार करने का अधिकार है। किसी भी व्यक्ति को रोजगार से विमुख नहीं किया जाएगा यह सरकार की प्राथमिकता है। निगम ने व्यवस्थित जगह इन्हें उपलब्ध कराई है। क्षेत्रीय रहवासियों ने आरोप लगाया था कि सब्जी व्यापारी बाहर से आते है, ठेला लगाते है, गुंडागर्दी, शराबखोरी और हरकते करते हैं। इसके वीडियो फुटेज भी उपलब्ध कराए थे। जिसके बाद तय हुआ कि रहवासियों की सुरक्षा भी जरूरी है। व्यापारियों के लिए जगह उपलब्ध कराना भी जरूरी है। बंगाली ब्रिज के नीचे बने हॉकर्स जोन पर पिछले साल इन्हें जगह उपलब्ध करा दी गई थी। चार महीनों से अनाउंसमेंट कराया जा रहा था कि अलार्टमेंट वाली जगह पर ठेला लगाए। मगर सब्जी व्यापारी अनसुनी कर रहे थे। परसों वहां से ठेले हटवाए, 160 से ज्यादा लोगों की लिस्ट बनाई है, वे वहां व्यापार करें।

## मंत्री श्री सिलावट ने ग्राम जाख्या में सीसी रोड का किया भूमिपूजन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जनपद पंचायत सांवेर के ग्राम पंचायत मगरखेड़ा के ग्राम जाख्या में 22 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड़ का भूमिपूजन किया। मंत्री श्री सिलावट ने बताया जनपद पंचायत सांवेर के ग्राम पंचायत मगरखेड़ा के ग्राम जाख्या में श्री राम मंदिर से सरकारी स्कूल तक 22 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ का निर्माण किया जाएगा। रोड़ के निर्माण हो जाने से स्कूली छात्र-छात्राओं और मंदिर आने-जाने वाले ग्रामीणों सहित सैकड़ों लोगों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि यह ग्राम पंचायत आदर्श ग्राम पंचायत की श्रेणी में है, इसमें स्कूल, कॉलेज, बिजली, पानी, सड़क, श्मशान, गार्डन, आंगनवाड़ी सहित तमाम सुविधाएं उपलब्ध है। इस अवसर पर सुमेरसिंह सोलंकी, छत्रु भैया, सुश्री पूजा यादव, नीतिन पंडित सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे।

## 90% नई लाइन बिछी, 10% बाकी

**इंदौर।** भागीरथपुरा में दूषित पानी हादसे के बाद शासन और नगर निगम द्वारा शुरू किए गए नई पाइप लाइन बिछाने का काम लगभग 90% पूरा हो चुका है, जबकि करीब 10% काम अभी बाकी है। हादसे के बाद क्षेत्र में पुरानी और क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों को हटाकर नई पाइप लाइन डाली जा रही है, ताकि पेयजल आपूर्ति सुरक्षित और स्वच्छ बनी रहे। जल प्रदाय व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए तकनीकी टीमों की निगरानी में काम चल रहा है। क्षेत्र की फर्शी वाली गली सहित आसपास की एक-दो गलियों में अभी नई पाइप लाइन डाली जाना बाकी है। इसी बीच पिछले दो-तीन दिनों से यहां पुरानी पाइप लाइन से फिर गंदा पानी आने की शिकायत सामने आई है।

## लोन और मुआवजे को लेकर किसानों का प्रदर्शन




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सोमवार को किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसान नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और सरकार व प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। किसानों ने अपनी सभी मांगें एडीएम रोशन राय के समक्ष रखीं और ज्ञापन सौंपा।**

किसानों का कहना है कि गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाई जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरकार ने खरीदी की तारीख 10 अप्रैल तक बढ़ाई है, जबकि सहकारी समितियों में भुगतान की अंतिम तारीख 28 मार्च रखी गई ऐसे में किसान पैसे कैसे जमा करें? किसानों ने बताया कि ड्यू डेट नहीं बढ़ने के कारण करीब 60% किसान डिफॉल्टर हो गए हैं। अब उन पर 7% ब्याज और 14% पेनल्टी लग गई है, जिससे आर्थिक संकट और गहरा गया है। पिछले साल डिफॉल्टर किसानों को ब्याज वापस करने का वादा भी अब तक पूरा नहीं हुआ। किसानों ने पराली जलाने पर कार्रवाई का भी विरोध किया। उनका कहना है कि जब तक सरकार पराली निपटान का स्थायी समाधान नहीं देती, तब तक किसानों पर एफआईआर और जुर्माना लगाना गलत है। किसानों ने मांग की कि इस बार बंपर उत्पादन को देखते हुए 11 क्विंटल प्रति बीघा के हिसाब से गेहूं की खरीदी की जाए। साथ ही बारदाना (बोरी) की व्यवस्था नहीं होने को प्रशासन की बड़ी लापरवाही बताया।

कांग्रेस का नेशनल टैलेंट हंट

# इंदौर में पहला चरण पूरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं प्रचार विभाग द्वारा देशभर में कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े सक्रिय कार्यकर्ताओं, सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत युवाओं और अनुभवी साथियों के लिए नेशनल टैलेंट हंट प्रोग्राम चलाया जा रहा है। इसके तहत उत्कृष्ट वक्ताओं का चयन राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर पर प्रवक्ता, मीडिया रिसर्चर, मीडिया कोऑर्डिनेटर और मीडिया पैनलिस्ट के रूप में किया जाएगा। इसी क्रम में आज इंदौर में चयन प्रक्रिया आयोजित की गई।**



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने बताया कि इंदौर संभाग के लिए गांधी भवन, इंदौर में आयोजित प्रथम चरण में करीब 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। चयन समिति ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन राउंड टेबल चर्चा, समूह आधारित विषय-विमर्श और वन-टू-वन इंटरव्यू के माध्यम से किया। इस दौरान प्रतिभागियों से प्रदेश और शहर स्तर के समसामयिक मुद्दों पर पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखने को कहा गया। चयन प्रक्रिया में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की मीडिया पैनलिस्ट चित्रा बाथम, शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अशोक कुमुट और मध्यप्रदेश विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्त ने प्रतिभागियों से चर्चा की।

मध्यप्रदेश में यह अभियान प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक के नेतृत्व में संभागवार संचालित किया जा रहा है। सागर, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल और भोपाल संभाग में चयन प्रक्रिया का पहला चरण पूरा हो चुका है, जबकि इंदौर, रीवा, जबलपुर और उज्जैन संभाग में प्रथम दौर जारी है। शहर कांग्रेस संगठन महासचिव संजय बाकलीवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरी तरह पारदर्शी और योग्यता आधारित है, जिसमें चयन मेरिट के आधार पर किया जा रहा है। पहले चरण में चयनित प्रतिभागियों को दूसरे चरण के लिए भोपाल में साक्षात्कार देना होगा।

## एक दिवसीय युवा संगम कार्यक्रम 11 अप्रैल को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शासन के निर्देशानुसार इंदौर जिले में "युवा संगम कार्यक्रम" के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय कैरियर काउंसिलिंग एवं रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह मेला जिला प्रशासन के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर तथा श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एवं कॉमर्स महाविद्यालय इंदौर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होगा। उक्त रोजगार मेला 11 अप्रैल, शनिवार को श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एवं कॉमर्स महाविद्यालय स्कीम नंबर 71 गुमास्ता नगर इंदौर में सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में आवेदकों को कैरियर निर्माण के सुनहरे अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन एवं कैरियर काउंसिलिंग भी प्रदान की जाएगी।

### मप्र के 17 जिलों में भाजपा कार्यालयों का हुआ भूमिपूजन

# सीएम डॉ. मोहन यादव बोले धुरंधर-2 का जमाना चल रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। सोमवार को भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर मध्यप्रदेश के 17 जिलों में कार्यालयों का भूमिपूजन किया गया। भोपाल के प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया। यहीं से भूमिपूजन के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल वर्चुअली जुड़े।**




इस मौके पर सीएम ने कहा कि भारत तीसरा देश बन गया है, जो अपने दुश्मनों को उनके देश में घुसकर मारता है, जो हमारे अपने देश के अंदर कष्ट देते हैं। मोदी जी के माध्यम से धुरंधर 2 का समय चल रहा है, लेकिन हमें धुरंधर 1 का समय भी याद आता है। हमें मालूम है कि नकली नोट छाप-छापकर पाकिस्तान परेशान करता था। उस पाकिस्तान को भी क्या ठिकाने लगाया। यह असली धुरंधर का जमाना है। अपनी परेशानियों का समाधान अपने पास ही है। जब समर्थ और सामर्थ्यशाली नेतृत्व होता है, तो सारे उलझे-सुलझे प्रश्नों का उत्तर मिलता है। तभी तो विक्रमादित्य बनारस में जाकर धर्म की जय-जयकार करते हैं। सीएम ने कहा- कौन सा फीनिक्स पक्षी है जो राख बनकर फिर जीवित हो जाता है, हमने वह पक्षी नहीं देखा, लेकिन हमने भाजपा को देखा है, जिसकी विचारधारा अटल और अमर हो गई है। हमारे नेताओं का चरित्र और दर्शन अद्भुत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नेतृत्व से भाजपा के हर कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाया है।उन्होंने कहा कि गठबंधन का दौर लंबे समय तक चला, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार ने अपने वादों को पूरा किया और 24 दलों के साथ सफलतापूर्वक शासन चलाया। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा की विचारधारा सहभागिता पर आधारित है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी और अन्य नेताओं ने आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने मूल विचारों से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि पार्टी 17 जिलों में कार्यालय निर्माण की शुरुआत कर रही है। लक्ष्य है कि अगले स्थापना दिवस से पहले प्रदेश के सभी 52 जिलों में भाजपा के अपने कार्यालय हों। खंडेलवाल ने बताया कि प्रत्येक कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम और पुस्तकालय की व्यवस्था होगी। यहां संगठन और पार्टी विचारधारा से जुड़ी पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। इस मौके पर बीजेपी नेताओं ने दिवंगत नेताओं और कार्यकर्ताओं के परिजनों का सम्मान किया। पूर्व विधायक स्वर्गीय रमेश शर्मा के परिजनों का सम्मान करने के दौरान मुख्यमंत्री स्वयं मंच से नीचे उतरकर उनके पास पहुंचे। इसके बाद सीएम, प्रदेशाध्यक्ष का संबोधन हुआ फिर बीजेपी कार्यालयों का भूमिपूजन किया गया। एमपी के 17 जिलों में भाजपा के जिला कार्यालयों के लिए जमीन पहले ही खरीदी जा चुकी थी। अब यहां जिला कार्यालयों का निर्माण कार्य औपचारिक रूप से शुरू हुआ है।

### मोहन कैबिनेट की बैठक आज

## भोपाल में फाइनेंस प्रशिक्षण और शोध संस्थान की स्थापना पर निर्णय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय लिया जा सकता है। बैठक में भोपाल में 'वित्त प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान' खोलने का प्रस्ताव भी आएगा। इस पर बैठक में निर्णय लिया जाएगा। इसके तहत संस्थान की देखरेख और संचालन वित्तीय विशेषज्ञ करेंगे। इसका उद्देश्य राज्य में वित्तीय प्रशिक्षण और शोध को और अधिक प्रभावी बनाना है। प्रस्ताव के अनुसार यह संस्थान अटल बिहारी वाजपेई सुशासन संस्थान के सहयोग से काम करेगा।

कैबिनेट में चना और मसूर की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीदी का प्रस्ताव पर भी चर्चा हो सकती है। इसके साथ ही बैठक में गेहूं खरीदी की रणनीति और संभागवार खरीदी केंद्रों की तैयारियों पर भी चर्चा होगी। इसका उद्देश्य किसानों को सरल और सुविधाजनक तरीके से गेहूं बेचने की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। मंदसौर जिले की कातन सिंचाई परियोजना का प्रस्ताव पर भी कैबिनेट में चर्चा होने की संभावना है। इस परियोजना के लागू होने से क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं में सुधार होगा और कृषि उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### सिंहस्थ 2028 से पहले एक्शन में प्रशासन, कंपनी पर 10 लाख का जुर्माना

## काम की धीमी गति पर सिंहस्थ मेला अधिकारी ने जताई नाराजगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने सोमवार को सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत निर्माणाधीन जल परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी परियोजना को नेट-जीरो एनर्जी मॉडल पर संचालित करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना में काम की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने निर्माण कंपनी पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। उज्जैन में आगामी सिंहस्थ मेले को ध्यान में रखते हुए करीब 1500 करोड़ रुपए की लागत वाली सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी और कान्ह क्लोज डक्ट परियोजनाओं का जायजा लेने पहुंचे संभागायुक्त एक्शन मोड में नजर आए। कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना की धीमी गति पर उन्होंने सख्ती दिखाई और एक सप्ताह में कार्य में सुधार नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। आशीष सिंह ने कहा कि सेवरखेड़ी बैराज से पानी लिफ्ट करने के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग किया जाए, जिससे परियोजना शून्य खर्च आधारित बन सके। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सेवरखेड़ी जलाशय के आसपास बड़े स्तर पर सोलर पैनल स्थापित करने की योजना तैयार की जाए, ताकि पानी लिफ्ट करने में लगने वाली बिजली की पूर्ति सौर ऊर्जा से हो सके। इससे परियोजना का संचालन बिना अतिरिक्त ऊर्जा खर्च के संभव होगा और यह पूरी तरह ग्रीन एनर्जी आधारित बनेगी। परियोजना के तहत मानसून के दौरान सेवरखेड़ी बैराज से लगभग 51 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी लिफ्ट कर सिलारखेड़ी जलाशय में संग्रहित किया जाएगा। करीब 300 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित हो रहे इस जलाशय के आसपास सोलर पैनल लगाए जाएंगे, जिससे बिजली खर्च शून्य रहेगा और संचालन पर्यावरण के अनुकूल होगा।

### पति शिवम वर्मा इंदौर के कलेक्टर हैं...

## अब बड़वानी कलेक्टर का व्हाट्सएप अकाउंट हैक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी। जिले की कलेक्टर जयती सिंह का व्हाट्सएप अकाउंट हैक होने का मामला सामने आया है। हैकर्स द्वारा कलेक्टर के नाम और फोटो का दुरुपयोग करते हुए लोगों को मैसेज भेजे जा रहे हैं और उनसे पैसों की मांग की जा रही है।**



एक व्यक्ति को प्राप्त मैसेज में जयति सिंह के कथित व्हाट्सएप अकाउंट से कहा गया हेलो, कुछ हेल्प चाहिए.. कुछ पैसे का अर्जेंट है, मेरा यूपीआई वर्क नहीं कर रहा है। उसने इस मामले पता किया और कलेक्टर तक इसकी सूचना भिजवाई तक, जाकर इसका खुलासा हो सका। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, जैसे ही मामले की जानकारी मिली, तत्काल संबंधित नंबर को ब्लॉक कराने और साइबर सेल को सूचना देने की कार्रवाई की गई। कलेक्टर के अधिकृत सोशल मीडिया हैंडल से स्वयं स्पष्ट किया है कि उनके नाम से यदि कोई व्हाट्सएप मैसेज या कॉल कर पैसे मांगता है, तो किसी प्रकार का ट्रांजैक्शन ना करें। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि ऐसे किसी भी मैसेज या कॉल पर विश्वास न करें और न ही किसी को पैसे ट्रांसफर करें। साथ ही संदिग्ध मैसेज मिलने पर तत्काल पुलिस या साइबर सेल को सूचित करें। साइबर पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपी तक पहुंचने का दावा किया जा रहा है। कलेक्टर के व्हाट्सएप अकाउंट हैक होने की जानकारी मिलने पर साइबर टीम को एक्टिव कर दिया गया है। साइबर पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है. बता दें कि बड़वानी कलेक्टर जयति सिंह सितंबर 25 में बड़वानी की कलेक्टर के रूप में पदस्थ हुई थी। उनके पति शिवम वर्मा इंदौर के कलेक्टर हैं।

## मीरा ने तीन शावकों को दिया जन्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** टाइगर स्टेट मध्य प्रदेश में ग्वालियर के गांधी प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) से 20 माह में दूसरी बार खुशखबरी आई है। यहां सफेद मादा टाइगर मीरा ने तीन शावकों को जन्म दिया है। नवजात शावकों में दो पीले (रायल बंगाल) और एक सफेद टाइगर है। अब चिड़ियाघर में टाइगरों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है, जिनमें चार सफेद और छह पीले टाइगर शामिल हैं। इनमें चार नर, तीन मादा और तीन शावक हैं। इससे पहले मीरा ने ही ठीक 20 माह पहले पांच अगस्त 2024 को तीन शावकों को जन्म दिया था। जू क्यूरेटर गौरव परिहार ने बताया कि मादा टाइगर मीरा और उसके तीनों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। मीरा को फिलहाल हल्का आहार दिया जा रहा है ताकि उसकी सेहत बेहतर बनी रहे। बता दें कि ग्वालियर में पिछले डेढ़ दशक से पीले के साथ ही सफेद टाइगर रहते हैं। यहां टाइगरों की बेहतर ब्लड लाइन है, जिससे उनके कुनबे में लगातार वृद्धि होती रहती है।

## हर रोज 2.20 लाख सिलेंडर की सप्लाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में हर रोज 2.20 लाख घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर की बुकिंग हो रही है। 13 बॉटलिंग प्लांट में पर्याप्त स्टॉक है। ऐसे में लोगों को घबराकर बुकिंग कराने या स्टॉक करने की जरूरत नहीं है। यह जानकारी सोमवार को ऑयल कंपनियों की तरफ से दी गई। मुख्य महाप्रबंधक एवं राज्य प्रमुख अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि घरेलू



एलपीजी के साथ व्यावसायिक गैस की आपूर्ति भी तय नियमों के अनुसार की जा रही है। कम गैस उपयोग करने वाले या जिनके पास स्थानीय पता नहीं है (जैसे छात्र, प्रवासी श्रमिक आदि) के लिए 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके लिए मंडीदीप, पीथमपुर, गोविंदपुरा, मालनपुर, देवास, सिंगरौली जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं।

## संपादकीय

# जलडमरूमध्य का संकट और भारत का 'अभय कवच'

भारत, चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान के अलावा इस समय स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से किसी भी देश के जहाज को निकलने की अनुमति नहीं है। अगर इसके बाद भी कोई देश अपने जहाज को जलडमरूमध्य से गुजारने की कोशिश करता है तो ईरान उस पर मिसाइल और ड्रोन से ताबड़तोड़ हमले कर देता है। इस बेहद अहम इलाके से एलपीजी लेकर आ रहे भारत के अब तक 9 जहाज सुरक्षित रूप से गुजर चुके हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि इसी तरह भारत के बाकी जहाज भी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरते रहेंगे। इस बीच भारत सरकार के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय का बेहद अहम बयान सामने आया है। आइए आपको बताते हैं कि मंत्रालय ने क्या कहा है। भारत के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने कहा है कि इस क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में भारतीय झंडे वाले जहाजों से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है। पिछले दो दिनों में LPG ले जा रहे भारतीय झंडे वाले दो जहाज ग्रीन संघवी और ग्रीन आशा होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से गुजर गए हैं। शिपिंग मंत्रालय के अधिकारी ने आगे कहा कि पश्चिमी फारसी खाड़ी क्षेत्र में भारतीय झंडे वाले 16 जहाज मौजूद हैं, जिन पर 433 भारतीय नाविक सवार हैं। नाविकों के कल्याण और समुद्री परिचालन में कोई रुकावट न आए, यह सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय भारतीय मिशनों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े अन्य पक्षों के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए है।

## सैर सपाटा

# सावधान! शरीर में दिख रहे 8 साइन देते हैं स्वास्थ्य के बारे चेतावनी, समय पर करें गौर

**किसी भी बड़ी समस्या के होने से पहले शरीर में कुछ संकेत दिखाई देते हैं, जो स्वास्थ्य के बारे चेतावनी देते हैं। इन संकेतों पर अगर सही समय पर गौर कर लिया जाए तो समस्या से पहले ही बचा जा सकता है। जानिए 8 साइन के बारे में-**



हेल्थ से जुड़ी किसी भी बड़ी समस्या के होने से पहले हमारा शरीर कुछ संकेत देकर हमे समस्या के बारे में बताता है। लेकिन अक्सर लोग उन संकेतों को मामूली समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। जिसकी वजह से समय के साथ दिक्कत बड़ी हो जाती है। ये संकेत शरीर के अलार्म सिस्टम की तरह होते हैं। यहां महिला स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉक्टर स्नेहल द्वारा बताए 8 ऐसे साइन के बारे में बता रहे हैं जो स्वास्थ्य के बारे में चेतावनी देते हैं। यहां बताए साइन में से अगर आपको कोई भी समस्या लगातार महसूस कर रहे हैं, तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

### 1) एंग्जायटी-

एंग्जायटी की शुरुआत बहुत ज्यादा सोचने से नहीं होती बल्कि इसकी शुरुआत बिना किसी कारण के सीने में जकड़न से होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि आपके दिमाग के समझने से पहले ही नर्वस सिस्टम एक्टिव हो जाता है।

### 2) खराब पाचन-

डॉक्टर कहती हैं कि खराब पाचन की शुरुआत पेट फूलने से नहीं होती बल्कि इसकी शुरुआत खाने के तुरंत बाद नींद लेने से होती है। दरअसल खाना खाने के बाद अगर आप सो जाते हैं तो पेट को उस खाने को पचाने की कोशिश में खूब मेहनत करनी पड़ती है। ऐसे में पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती है।

### 3) लो ब्लड शुगर-

लो ब्लड शुगर की शुरुआत चक्कर आने से नहीं होती, बल्कि इसकी शुरुआत अचानक चिड़चिड़ेपन से होती है। अचानक मूड में बदलाव एक लक्षण है जो आपके शरीर का एनर्जी मांगने का तरीका है।

### 4) खराब लिवर की शुरुआत-

लिवर खराब होने पर कुछ लक्षण दिखाई देते हैं, दर्द या फिर थकान से नहीं होती। इसकी शुरुआत स्किन में खुजली या आंखों में पीलेपन से होती है।

### 5) एक्स्ट्रा सोडियम-

शरीर में एक्स्ट्रा सोडियम की शुरुआत सुबह उठने पर सूजी हुई आंखों से पता चलती है।

### 6) थायराइड-

थायराइड की समस्या वजन बढ़ने से शुरू नहीं होती, बल्कि इस समस्या में आपको हर समय ठंड लग सकती है। इसमें आपका मेटाबॉलिज्म धीरे-धीरे धीमा होने लगता है।

### 7) हाई कोर्टिसोल-

कोर्टिसोल बढ़ना तब शुरू होता है जब आप सुबह 3 बजे तक जागकर खूब सोचते हैं।

### 8) फैटी लिवर-

फैटी लिवर की शुरुआत पेट की जिद्दी चर्बी से होती है जो कम नहीं होती।

# गन्ना या उसका जूस, दोनों में से क्या है हेल्थ के लिए बेस्ट, डायटीशियन ने किया क्लीयर

चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी में गन्ने का जूस न सिर्फ प्यास बुझाने का काम करता है। बल्कि इससे शरीर को एनर्जी भी मिलती है। गन्ना पोषक तत्वों से भरपूर होता है, इसमें आयरन, मैग्नीशियम, कैल्शियम और कई तरह के इलेक्ट्रोलाइट्स पाए जाते हैं। इसमें मौजूद शुगर शरीर को तुरंत ग्लूकोज देता है, जिससे थकान दूर होती है। आयुर्वेद और आधुनिक साइंस दोनों ही गन्ने को गर्मियों के लिए वरदान मानते हैं। लेकिन अगर आपके मन में ये सवाल रहता है कि हेल्थ के लिए गन्ना या गन्ने का जूस दोनों में से क्या बेहतर है तो इस आर्टिकल में डायटीशियन श्वेता जे पांचाल से समझें।

### गन्ने के टुकड़े

एक्सपर्ट कहती हैं कि गन्ना या गन्ने का रस दोनों का स्रोत सेम है। फर्क इस बात से पड़ता है कि आप इसे किस तरह से ले रहे हैं। जब आप गन्ने के टुकड़ों को खाते हैं तो इसे खाने में मेहनत के साथ समय भी लगता है। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि शुगर आपके ब्लड फ्लो में बहुत धीरे-धीरे जाती है। जब आप इसे चबाकर खाते हैं तो आपको फाइबर भी मिलता है। इसी के साथ बहुत सारे गन्ने के टुकड़ों को एक साथ खाना भी मुमकिन नहीं है, इसलिए पोर्शन साइज भी कम रहता है और आपको तृप्ति भी मिल जाती है।

### गन्ने का जूस



गन्ने का जूस बहुत ही आसानी से अवशोषित हो जाता है, लेकिन इसमें फाइबर की मात्रा बिल्कुल भी नहीं होती। जिसकी वजह से ये आपके आपके ब्लड फ्लो में भी तेजी से मिल जाता है। जिसकी वजह से तुरंत शुगर स्पाइक होता है। गन्ने का जूस रिफ्रेशिंग और हाइड्रेटिंग होता है। इसे खाने में कोई दिक्कत नहीं होती इसलिए कुछ लोग इसे बिना शुगर इंटेक पर ध्यान दिए ज्यादा भी पी सकते हैं।

### क्या है फर्क

डायटीशियन कहती हैं कि दोनों में असली फर्क ये है कि आपका शरीर इसे कैसे प्रोसेस करता है। अगर आप ऐसा खोज रहे हैं जो आंतों के लिए बेस्ट हो और आपके कंट्रोल में रहे तो गन्ने के टुकड़ों को खाएं। लेकिन अगर आप कुछ रिफ्रेशिंग और हाइड्रेटिंग खोज रहे हैं और आपका कोई मेटाबॉलिक कंडीशन नहीं है तो आप गन्ने के रस को चुन सकते हैं। लेकिन सिर्फ दोपहर के 12 बजे से पहले।

## Paschim bangal

# टीएमसी को वोट नहीं दिया तो पीठ फूलकर तकिया हो जाएगा, यहां रहने नहीं देंगे: तृणमूल नेता का बयान

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के मद्देनजर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक युवा नेता ने विवादास्पद बयान दिया। दक्षिण 24 परगना जिले के मोगराहाट में इमरान हसन मोल्ला ने चुनावी सभा में लोगों को खुलेआम धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर तृणमूल कांग्रेस को वोट नहीं दिया गया तो इलाके में रहने नहीं दिया जाएगा। यह घटना सोमवार को हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इससे पहले भी बहरामपुर क्षेत्र में टीएमसी नेताओं के इसी तरह के बयान सामने आए थे, जिससे चुनावी माहौल में तनाव बढ़ गया है।



इमरान हसन मोल्ला ने चेतावनी देते हुए कहा, 'तृणमूल को वोट न देने पर पीठ फूलकर तकिया हो जाएगा।' उन्होंने आगे कहा कि तृणमूल के अलावा किसी अन्य पार्टी को वोट पड़ने पर इलाके में रहने की इजाजत नहीं दी जाएगी। साथ ही उन्होंने लक्ष्मी भंडार जैसी सरकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए धमकी दी कि अगर TMC को वोट नहीं मिला तो इन योजनाओं का लाभ कैसे मिलेगा, यह देख लिया जाएगा।

तृणमूल नेता ने 2021 के चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि उस समय बेईमानी करने वालों को माफ कर दिया गया था, लेकिन 2026 में कोई माफी नहीं मिलेगी। अगर तृणमूल के साथ रहना है तो इलाके में रहो, वरना परिवार सहित इलाका छोड़कर चले जाओ।

## Uttarpradesh

### गंगा में इफ्तार के बाद अब 'बीयर पार्टी' का विवाद

# नाव पर डीजे की धुन और छलके जाम



**वाराणसी, (एजेंसी)** वाराणसी में गंगा नदी के बीचों-बीच नाव पर बीयर पार्टी करने का मामला सामने आया है. नाविक समाज के कुछ लोग परंपरा के अनुसार दशाश्वमेध घाट से मिर्जापुर के अदलहाट स्थित बड़ी शीतला मंदिर तक शोभायात्रा लेकर जा रहे थे. इसी दौरान नाविकों ने नाव पर डीजे लगाकर तेज संगीत के बीच बीयर का सेवन किया और जमकर डांस किया. यह घटना बीती रात की बताई जा रही है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गई. एसीपी दशाश्वमेध अतुल अंजान त्रिपाठी ने मामले का संज्ञान लेते हुए वीडियो में दिख रहे आरोपियों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. वाराणसी के नाविक समाज की ओर से हर साल गंगा की लहरों पर शोभायात्रा निकालने की पुरानी परंपरा है. इस बार भी नाविक बधावा लेकर मिर्जापुर जा रहे थे. वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि नाविकों के हाथ में बीयर की केन है और वे डीजे की धुन पर झूम रहे हैं. पवित्र मानी जाने वाली गंगा नदी में इस तरह सरेआम नशा करना और शोर-शराबा करना स्थानीय लोगों और भक्तों की भावनाओं को आहत कर रहा है. काशी में गंगा की शुचिता से जुड़ा यह दूसरा बड़ा विवाद है. इससे पहले कुछ मुस्लिम युवकों द्वारा रोजा इफ्तार के दौरान गंगा में बिरयानी की हड्डियां फेंकने का मामला गरमाया था, जिसमें पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजा था.

## Tamil Nadu

### पुलिस हिरासत में मौत का मामला

# मदुरै कोर्ट ने नौ पुलिसकर्मियों को दिया मृत्युदंड, पिता-पुत्र से हुई थी बेरहमी

**मदुरै, (एजेंसी)** मदुरै की अदालत ने सातांकुलम में हिरासत में मौत के मामले में दोषी पाए गए नौ पुलिस कर्मियों को मृत्युदंड सुनाया। इन पुलिसकर्मियों को जून 2020 में पी जेयराज और उनके बेटे जे बेनिक्स की हिरासत में हत्या और यातना के मामले में दोषी पाया गया। जज मुथुकुमारन ने कहा, यदि आम नागरिक ने यह अपराध किया होता, तो सामान्य सजा दी जा सकती थी। लेकिन अपराध पुलिस ने किया है। अदालत ने कहा कि हिरासत में हिंसा का यह स्पष्ट उदाहरण है। साक्ष्यों से पता चला कि पिता और पुत्र को पुलिस हिरासत में बुरी तरह पीटा गया। निरीक्षक एस श्रीधर ने हमले के लिए उकसाया। जबकि, अन्य कर्मी हिंसा और उसके बाद सबूतों को छिपाने में शामिल थे। आरोपियों पर हत्या, गंभीर चोट पहुंचाने, साक्ष्य गढ़ने और झूठे मामले दर्ज करने के आरोप शामिल थे। पुलिस ने जेयराज (58 वर्षीय) और बेनिक्स (31 वर्षीय) को 19 जून 2020 को हिरासत में लिया था। उन पर कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान नियम तोड़ने का आरोप लगाया गया था। कुछ दिनों बाद उनकी कोविलपत्ती सरकारी अस्पताल में मौत हो गई थी।

## New Delhi

# झारखंड के तीन कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप, मेल आया था

**रांची, (एजेंसी) झारखंड में न्यायालय परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। सोमवार को रांची सिविल कोर्ट, धनबाद और साहेबगंज कोर्ट को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे पुलिस और प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया।**

धमकी मिलते ही रांची पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई और सिविल कोर्ट परिसर में सघन जांच अभियान चलाया गया। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की मदद से पूरे परिसर की तलाशी ली गई। इसी तरह धनबाद और साहेबगंज कोर्ट परिसरों में भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई। आने-जाने वाले हर व्यक्ति की जांच की गई और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। हालांकि देर शाम



तक किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पिछले कुछ महीनों से राज्य के विभिन्न जिलों में कोर्ट परिसरों को ईमेल के जरिए धमकियां मिल रही हैं। खास बात यह है कि साहेबगंज कोर्ट को महज 10 दिनों के भीतर दूसरी बार धमकी मिली है, जबकि रांची सिविल कोर्ट को भी पहले दो बार इसी तरह निशाना बनाया जा चुका है।

## खेल

### बारिश के कारण बेनतीजा रहा मुकाबला

# कोलकाता और पंजाब को बांटने पड़े अंक, कैमरन ग्रीन ने किया निराश

**कोलकाता, (एजेंसी)** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल 2026 का मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया है। केकेआर ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। टीम ने 3.4 ओवर में दो विकेट पर 25 रन बनाए थे। उसी वक्त हल्की बारिश के कारण मैच रुक गया। हालांकि, देखते ही देखते बारिश तेज हो गई जिससे मुकाबला दोबारा शुरू नहीं हो सका। संयोग से पिछले सत्र में भी ईडन गार्डंस में केकेआर और पंजाब किंग्स के बीच हुआ मैच (26 अप्रैल को) बारिश की वजह से प्रभावित हुआ था और दोनों टीम को एक-एक अंक बांटना पड़ा था।






पांच-पांच ओवर का मैच कराने के लिए कटऑफ टाइम रात 11 बजकर 14 मिनट था। बारिश रुक भी गई, लेकिन जब कवर्स हटे तो मैदान काफी गीला था और बाउंड्री के पास पानी भी भरा था। निर्धारित समय तक ग्राउंड तैयार नहीं किया जा सकता था,लिहाजा अंपायरों ने मैदान का निरीक्षण करने के बाद दोनों कप्तानों से चर्चा की और मैच रद्द करने का फैसला किया। केकेआर और पंजाब को इस तरह एक-एक अंक मिले। कोलकाता भले ही तीन मैचों के बाद भी जीत का खाता नहीं खोल सकी है, लेकिन उसने अंकों का खाता जरूर खोल लिया।

इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जेवियर बार्टलेट ने दूसरे ओवर में दो विकेट झटक लिए। बार्टलेट ने सलामी बल्लेबाज फिन एलेन (06) और कैमरन ग्रीन (04) को तीन गेंद के भीतर आउट करके नाइट राइडर्स को दोहरा झटका दिया। दोनों ही बल्लेबाजों ने विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह को कैच थमाए। ग्रीन 25.20 करोड़ रुपये की कीमत के साथ सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी हैं लेकिन उनका खराब प्रदर्शन जारी रहा। इससे पहले उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 18 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दो रन बनाए थे।

इस मैच के लिए बॉलीवुड सुपरस्टार और केकेआर के सह मालिक शाहरुख खान भी दर्शकों के बीच मौजूद रहे। वह इस सत्र में पहली बार मैच देखने आए थे। शाहरुख के साथ उनकी बेटी सुहाना भी मौजूद थीं। शाहरुख इस दौरान केकेआर टीम के सीईओ वैंकी मैसूर के साथ कुछ चर्चा करते भी दिखे थे।

## सिनेमा

# 'कुछ तो ओरिजिनल बनाओ...', अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' का ट्रेलर देख नाराज हुए फैंस, डायलॉग्स -VFX की कर रहे आलोचना



बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म को लेकर लगातार नई अपडेट्स सामने आ रही हैं। अक्षय एक बार फिर से फिल्ममेकर प्रियदर्शन के साथ मिलकर फैंस का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। ऐसे में अब अक्षय की इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' ट्रेलर आखिरकार आज रिलीज हो गया है। ट्रेलर रिलीज का दर्शकों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार था। तो चलिए देखते हैं 'भूत बंगला' के ट्रोलर को लेकर कैसा रहा लोगों का रिएक्शन... अक्षय कुमार, परेश रावल स्टारर 'भूत बंगला' का ट्रेलर 6 अप्रैल को रिलीज हुआ है। 'भूत बंगला' के ट्रेलर में जहां कुछ फैंस अक्षय को एक बार फिर अपने बेहतरीन अंदाज में देखकर खुश थे, वहीं कई लोगों ने पुराने जोक्स के इस्तेमाल की बात उठाई और VFX की आलोचना की। जब से 'भूत बंगला' का ट्रेलर आया है, तब से इंटरनेट पर लोगों की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ सी आ गई है। कई दर्शक इस बात से नाराज थे कि प्रियदर्शन ने अपनी पिछली फिल्मों के कुछ मशहूर डायलॉग्स को दोबारा इस्तेमाल किया है, जो अब मीम का हिस्सा बन चुके हैं। जबकि कुछ लोग VFX से निराश थे और उन्होंने मेकर्स से इसे बेहतर बनाने की गुजारिश की।

## Highlights

1. TMC candidate Ratna Chatterjee booked for vandalism in Kolkata
2. Delhi govt bans the sale of LPG cylinders directly from godowns
3. 1 egg auctioned for ₹25,000 for Iran aid in Leh
4. Congress picked UAE ID posted by Pak man, added my wife's pic using AI: Assam CM as he shares pics
5. Video shows long queue of PAs of Karnataka MLAs collecting free IPL tickets
6. PM Modi asks his team for crystal lotus paperweight after spotting it at Kerala event

# Indian IT firms face subdued fourth quarter as Iran war, AI concerns persist

**NEW DELHI, (Agency).** Top Indian information technology firms are set to report another lacklustre quarter, with revenue and profit seen rising around 10% year-on-year largely on a weaker rupee rather than underlying growth, according to seven brokerages.



Uncertainties due to wars, weak discretionary spending and concerns around AI will keep weighing on client budgets, making the revenue forecast for the next fiscal year a key focus for investors, they said. Tata Consultancy Services Ltd., Infosys Ltd., HCL Technologies Ltd. and other software services exporters are due to report fourth quarter results starting 9 April 2026. "We expect limited deal win surprises, patchy ex-BFSI growth and slow start to (the first half of 2027) on Macro/ Gen AI uncertainty," Ambit Capital analysts said in a preview note. The Indian rupee fell 4% against the US dollar during the March quarter, and slid to record low levels. Software services companies typically benefit as they bill in foreign currencies while incurring most costs in rupees, inflating profits when dollar revenues are converted. The $315 billion sector, employing about 5.9 million people, last reported double-digit revenue growth in the March 2023 quarter. Since then, demand has softened as clients cut discretionary spending, deal cycles lengthened, and spending shifted towards cost optimisation and AI-led projects. Infosys and HCLTech are likely to provide annual revenue guidance of 2%-4% and 4%-6% respectively for FY27, the brokerages said. Revenue for the top six firms—TCS, Infosys, HCLTech, Wipro, Tech Mahindra, and LTM—is expected to grow about 10.9% year-on-year in the March quarter, with net profit rising 10.3%. On a constant currency basis, or stripping out exchange-rate effects, the top four IT firms are more likely to see revenue rise only 1.8% for the year, Ambit said.

Analysts at Yes Securities said performance was likely to be uneven, with relative resilience in banking and financial services, while retail, healthcare, and hi-tech segments could face pressure due to higher exposure to discretionary spending.

# India service economy grew at its slowest pace in 14 months in March 2026

**NEW DELHI, (Agency).** India's services economy lost momentum for a second consecutive month in March, growing at its slowest pace of expansion in more than a year as demand cooled and inflationary pressures built amid an ongoing Iran war.

The HSBC India Services Purchasing Managers' Index, compiled by S&P Global, fell to 57.5 last month from 58.1 in February. While the reading remains above the 50-mark that separates expansion from contraction, it represents the softest rate of expansion since January 2025.

The slowdown reflects a cooling in new business intakes, which moderated to a 14-month low. Survey participants noted that domestic demand was weighed down



by market volatility and the lingering impact of geopolitical tensions in the Middle East, which dampened tourism and broader commercial activity.

Export Engine Revs Up

Despite the domestic deceleration, India's service providers saw a surge in international appetite. New export orders rose at the fastest clip since mid-2024, with broad-based gains reported from markets in Asia, Europe, and the Americas.

"Demand remained resilient, led by new export orders," HSBC Chief India Economist Pranjul Bhandari said in a statement. "As such, service providers' expectations for future activity remained positive."

The divergence between cooling domestic sales and heating foreign demand suggests that India's services engine is increasingly leaning on global markets to offset local fatigue.

### दुल्हन लेकर लौट रही बारातियों से भरी कार ट्रक में जा घुसी

# दूल्हे के भाई की गर्दन अलग, 4 बारातियों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **शहर में दुल्हन लेकर लौट रही बारातियों से भरी कार ट्रक में जा घुसी। हादसे में 4 युवकों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हैं। दूल्हे के चचेरे भाई की गर्दन कटकर अलग हो गई है। शादी वाले घर में जहां कुछ देर पहले तक जश्न था, वहां अब चीख-पुकार और सन्नाटा पसरा है।**

जानकारी के मुताबिक, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। अंदर बैठे लोग बुरी तरह फंस गए। हादसे में इरफान (24), आरिस (20) और फरहान (19) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरफाद (23) ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। वहीं घायलों में आसिफ (38) पिता रफीक, मो. अली (22) पिता मो. साबिर, अयान (17) पिता आबिद, सोनू (19) पिता जावेद, मो. कैफ (22) पिता साजिद अली, रेहान (21) पिता मकसूद अली, अलफेज (18) पिता नासिर खान और फैजान (16) पिता फिरोज शामिल हैं। इनमें से 6 घायलों का इलाज एमवाय अस्पताल में चल रहा है, जबकि एक को सुयश और एक को मेडिकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। वे होश में नहीं हैं। उन्हें ICU में रखा गया है। दूल्हे मोहम्मद आरिफ के छोटे भाई दिलेर के मुताबिक, बारात रात करीब 10 बजे आष्टा से इंदौर के लिए निकली थी। रास्ते में दो जगह रुकने के बाद सभी देवगुराडिया पहुंचे, जहां चाय-नाश्ता किया गया। रात 1 बजकर 13 मिनट पर आरिस ने शादी से जुड़ा स्टेटस भी लगाया था, लेकिन इसके कुछ ही समय बाद हादसे की खबर आ गई। देवगुराडिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास आयशर ट्रक (MP41-GA-0949) ने एक वाहन को ओवरटेक करने के बाद अचानक ब्रेक लगा दिया। पीछे चल रही क्वालिस कार (MP35-D-0363) का ड्राइवर संभल नहीं पाया और ट्रक में जा घुसा। टक्कर इतनी भीषण थी कि फरहान की गर्दन कटकर अलग हो गई। यह दृश्य इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोग भी सन्न रह गए। जब उसके पिता घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्हें संभालना मुश्किल हो गया। परिजनों के मुताबिक, रास्ते में एक अन्य कार सवारों ने आयशर ड्राइवर को लापरवाही से गाड़ी चलाने पर टोका था। इसके बावजूद वह तेज रफ्तार में वाहन चलाता रहा। रिश्तेदार अमजद ने बताया कि ड्राइवर गलत तरीके से ओवरटेक कर रहा था। उसने शराब पी रखी थी। मृतकों में फरहान और अरफाद पेंटिंग का काम करते थे। इरफान ग्राफिक डिजाइनर था, जबकि आरिस मेडिकल दुकान पर काम करता था। सभी सामान्य परिवारों से थे और अपने-अपने घरों का सहारा थे। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। कुछ लोगों ने वाहन में आग लगाने की कोशिश भी की। मौके पर तनाव की स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने समझाइश देकर नियंत्रित किया। वहीं हादसे में रेहान खान कार में पीछे की ओर बैठा था। शुरुआत में उसे ज्यादा चोट नहीं लगी। वह घर चला गया, लेकिन सुबह उसे खून की उल्टियां होने लगीं। डॉक्टरों के मुताबिक उसके सिर में अंदरूनी चोट है, जिसके बाद उसे मेडिकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस देर से मौके पर पहुंची। एक एएसआई के नशे में होने की भी बात कही गई। वहीं टीआई करण सिंह शक्तावत पर भी असंवेदनशील व्यवहार के आरोप लगे, हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। एएसपी रूपेश द्विवेदी के अनुसार, ट्रक ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच भी की जा रही है। हादसे के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जाएगी।

# टिफिन देकर लौट रहे पिता पुत्र को ट्रक ने रौंदा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **शहर में रविवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया, जिसमें पिता-पुत्र की जान चली गई। दोनों अरविंदो अस्पताल से लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।**

अलवासा निवासी पवन ठाकुर अपने पिता मुन्ना लाल ठाकुर के साथ अस्पताल में भर्ती बहन को टिफिन देकर घर लौट रहे थे। अरविंदो चौराहे के पास पीछे से आ रहे आईशर ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पवन ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनके पिता मुन्ना लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे कमर के नीचे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायल मुन्ना लाल को तुरंत अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सर्जरी के बाद देर रात उन्होंने भी दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मृतक पवन ठाकुर गांव अलवासा में "यूनिक सॉल्यूशन स्कूल" का संचालन करते थे। परिवार में अब छोटा भाई वेदप्रकाश, पत्नी और बच्चे ही रह गए हैं।

## पेट्रोल पंप पर मारपीट, 3 आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रेडीसन चौराहा स्थित मालवीय पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने को लेकर विवाद हो गया। 5 अप्रैल की रात हुए इस झगड़े में पेट्रोल पंप कर्मचारी रिशिपाल पिता हरि सिंह पाल के साथ मारपीट की गई। मामले में फरियादी की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी अर्पित बग्गा, निवासी स्कीम नंबर 103 भंवरकुआं, को राउंडअप किया है। वहीं उसके साथी अरप्रीत और तिलकराज को भी पकड़ लिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर, इंदौर के कनाडिया क्षेत्र में एक प्रॉपर्टी ब्रोकर के घर लाखों रुपए के जेवर चोरी हो गए। इस मामले में पुलिस ने उसके यहां काम करने वाले एक पेंटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी का माल जब्त कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक सर्व सुविधानगर निवासी तनमय कानूनगो के घर चोरी हुई थी। उन्होंने पेंटर राजू उर्फ राजकुमार पुत्र मानसिंह लोधी, निवासी मूसाखेड़ी, पर संदेह जताया था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक